स्वतंत्र दिवस परेड में छाए गुरुकुल के होनहार

स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए पाली का बांगड़ स्टेडियम केसरी, सफेद और हरे रंग से सराबोर था। चारों और देशभक्ति के गीतों की गूंज थी। इस सबके बीच गुरुकुल आश्वासन बालग्राम के बच्चे समारोह की तैयारी में व्यस्त थे। उनको इंतजार था अपनी पारी का और इस दौरान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का।

आते-जाते बादलों के बीच स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत हुई। पर्यटन मंत्री बीना काक के संबोधन के लिए उठते ही स्टेडियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उन्होंने उपस्थित लोगों से देश की तरक्की और खुशहाली में बढ़-चढकर योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में राजस्थान पुलिस, महिला पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी स्काउट गाइड की टुकड़ियों ने मार्च पास्ट मे भाग लिया। इस दौरान आलावास आश्वासन गुरुकुल में अध्ययनरत बालिकाओं ने जब सधे हुए कदमों के साथ मार्च पास्ट किया तो सभी मंत्रमुग्ध हो गये। पुलिस बैंड तथा पाली बैंड एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से देशभक्ति गीतों की ध्वनि की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। विभिन्न विद्यालयों के 1800 छात्र-छात्राओं ने व्यायाम प्रदर्शन किया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत मार्शन आर्ट तथा जूडो-कराटे का प्रदर्शन भी शानदार रहा। इस मौके पर मुख्यमंत्री की नवजीवन योजना का सांसी बस्ती निवासी रामीदेवी के नेतृत्व में प्रस्तुत संयुक्त नाटिका भी खूब सराही गयी।